कोयतुर टाइम्स

छत्तीसगढ़ > मध्यप्रदेश > महाराष्ट्र > झारखण्ड

09-10-2024, बैकुंठपुर, छत्तीसगढ़

ब्रेकिंग न्यूज

गाँव को स्वावलंबी बनाना महासभा की प्राथमिकता: कमरो

Manoj singh kamaro

बैकुंठपुर, कोरिया

कोयतूर टाइम्स, बैकुंठपुर, कोरिया/ कोया पुनेम गोंडवाना महासभा की बैठक 08 अक्टूबर 2024 को ग्राम पंचायत डबरीपारा की सामुदायिक भवन में सरपंच तिरु. तुलेश्वर सिंह आयम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कोयतुर मनोज सिंह कमरो मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंजीनियर क्षितिज सिंह पोया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि तिरु. कमरो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों को स्वावलंबी बनाना महासभा की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए महासभा ग्राम कमेटी के माध्यम से "एक मुट्ठी चावल से गोंडवाना का महाकल्याण" नामक एक अल्पबचत कार्ययोजना चला रही है। उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार बूंद-बूंद से सागर भरता है, उसी तरह अल्प बचत किंतु दीर्घकालीन योजना से गांवों को स्वावलंबी बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने गांवों को स्वावलंबी बनाने के लिए आगे आएं, ताकि एक सामाजिक संपदा का निर्माण किया जा सके जो समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत संपत्ति से समाज का भला नहीं हो सकता, और यदि गांव और समाज को स्वावलंबी बनाना है, तो सामाजिक संपदा का निर्माण जरूरी है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंजीनियर क्षितिज सिंह पोया, सरपंच तिरु. तुलेश्वर सिंह आयम, पूर्व सरपंच बलदेव सिंह मरकाम, और गोंडवाना छत्तीसगढ़ न्यूज कोरिया के ब्यूरो चीफ कृष्ण कुमार कोराम ने भी बैठक को संबोधित किया।

ग्राम कमेटी डबरीपारा का गठन

कोया पुनेम गोंडवाना महासभा डबरीपारा की ग्राम कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। तिरु. रामचंद्र सिंह पोया को अध्यक्ष और पूर्व सरपंच बलदेव सिंह मरकाम को सचिव मनोनीत किया गया। "एक मुट्ठी चावल" की बचत योजना की शुरुआत की गई, जिसमें महासभा के पदाधिकारियों ने ग्राम कमेटी के लिए 200 रुपये का अंशदान दिया और इसे अध्यक्ष व सचिव को सौंपा। उपस्थित सदस्यों ने प्रतिदिन सुबह-शाम एक मुट्ठी चावल बचत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सुमित सिंह आयम, जय सिंह पच्ची, संदीप सिंह आयम, भूपेंद्र सिंह उइके, संदीप सिंह उइके, मानिकचंद उइके, रामेश्वर आयम, दलगीर सिंह पोया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।